म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26,किसान भवन,अरेरा हिल्स,भोपाल

क–बोर्ड/बी–5/ई–अनुज्ञा/2019–20/50 भोपाल, दिनांक 21/01/2020

प्रति,

संयुक्त संचालक/उप संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
आंचलिक कार्यालय– भोपाल/नर्मदापुरम/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/चंबल/सागर/जबलपुर एवं रीवा। (म.प्र.)

विषयः–ई–अनुज्ञा प्रणाली के कियान्वयन की प्रगति के संबंध में।

–0–

(1) विषयान्तर्गत प्रदेश की सभी मण्डी समितियों में दिनांक 16 अगस्त, 2019 से मैन्युअल अनुज्ञा के साथ ई–अनुज्ञा प्रणाली लागू किया गया है। 16 अगस्त,2019 से 31 दिसम्बर,2019 की अवधि में करीब 6.70 लाख ई–अनुज्ञा जारी हुए है, जो गत वर्ष की तुलना में 31% अधिक है तथा इसी अवधि में मण्डी शुल्क राशि रूपये 506.30 करोड़ अधिक प्राप्त हुआ है। जो गत वर्ष इसी अवधि में प्राप्त मण्डी शुल्क की तुलना में 28% अधिक है।

(2) ई–अनुज्ञा प्रणाली को सभी संभागों के द्वारा अपने कार्य क्षेत्र की मण्डी समितियों में नियमित समीक्षा तथा अपेक्षित मार्गदर्शन के कारण ई–अनुज्ञा निरन्तर बेहतर स्थिति को प्रापत करती जा रही है। उदाहरण के तौर पर अगस्त माह में ई–अनुज्ञा पत्र जारी करने का मण्डी समिति/व्यापारियों का अनुपात 65:35 का था। जो दिसम्बर माह के अंत में यह अनुपात 44:56 का हो गया है। इससे स्पष्ट है कि मण्डियों में आपके द्वारा न केवल व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण कर संतुष्ट करने का प्रयास किया गया है बल्कि उन्हें उचित सलाह एवं सामंजस्य स्थापित किया गया है। आपकी इसी लगनशीलता के कारण ई–अनुज्ञा को स्टेट प्रोजेक्ट के रूप में कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा चयन करते हुए मण्डी बोर्ड, भोपाल को ई–अनुज्ञा पुरस्कार प्रदान किया गया।

(3) ई–अनुज्ञा स्टेट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित किए जाने के लिए मण्डी बोर्ड को कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया की बेवसाइट पर आवेदन किया गया था जिसका भौतिक निरीक्षण सीएसआई के द्वारा आष्टा मण्डी में किया गया। आष्टा मण्डी सचिव श्री योगेश नागले एवं उनकी टीम द्वारा बहुत ही बेहतर तरीके से सीएसआई टीम के सामने ई–अनुज्ञा प्रणाली को एवं उसके औचित्य को प्रस्तुत किया गया। परिणामस्वरूप सीएसआई द्वारा मण्डी बोर्ड, भोपाल को अंतिम चरण के लिए चयन किया गया। हैदराबाद में ई–अनुज्ञा के प्रस्तुतिकरण के पश्चात् ई–अनुज्ञा को सीएसआई द्वारा पुरस्कार के लिए चयन कर लिया

मण्डी बोर्ड, भोपाल को अंतिम चरण के लिए चयन किया गया। हैदराबाद में ई–अनुज्ञा के प्रस्तुततिकरण के पश्चात् ई–अनुज्ञा को सीएसआई द्वारा पुरस्कार के लिए चयन कर लिया गया। पुरस्कार की इस प्रकिया में आष्टा मण्डी सचिव श्री योगेश नागले एवं उनकी ई–अनुज्ञा टीम के विशेष योगदान के लिए उन्हें हार्दिक बधाई।

(4) ई–अनुज्ञा प्रणाली के बेहतर कियान्वयन के लिए मण्डी बोर्ड की ओर से आप सभी को बहुत–बहुत बधाई एवं शुभ–कामनाएं साथ ही इस बधाई एवं शुभ–कामनाओं से आप अपने क्षेत्र के सभी मण्डी सचिव एवं कर्मचारियों को भी मण्डी बोर्ड की ओर से उज्जवल भविष्य की शुभ–कामना संदेश से अवगत कराना चाहेंगे।

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

(डॉ. केदार सिंह)
अपर कलेक्टर/अपर संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क–बोर्ड/बी–5/ई–अनुज्ञा/2019–20/5। भोपाल, दिनांक 21/01/2020

प्रतिलिपिः–

1. अपर संचालक(कार्मिक/वित्त/प्रांगण) म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय, भोपाल।
2. चीफ प्रोग्रामर, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय, भोपाल।

अपर कलेक्टर/अपर संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल